आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.04.2026 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा महिला सशक्तिकरण एनडीए की प्राथमिकता है।
- ई.सी.आई.एन.ई.टी प्लेटफॉर्म से मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और आपराधिक पृष्ठभूमि प्राप्त कर सकते हैं ।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय कृषि मेले के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी ।

प्रधानमंत्री–केरल

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण एनडीए की प्राथमिकता है और इसकी नीतियों से महिलाओं को सबसे अधिक लाभ हुआ है। वे आज तिरुवल्ला में एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि केरल ऐतिहासिक परिवर्तन के लिए तैयार है और एनडीए पर जनता का अटूट विश्वास पूरे राज्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। श्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि दोनों राजनीतिक मोर्चों ने लंबे समय से राज्य की उपेक्षा की है।

निर्वाचन आयोगः उम्मीदवार जानकारी

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता ई.सी.आई.एन.ई.टी प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता, उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत पूर्ण शपथ पत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं। ई.सी.आई.एन.ई.टी विश्व का सबसे बड़ा चुनावी सेवा मंच है, जो निर्वाचन आयोग के 40 से अधिक ऐप और पोर्टल को एकीकृत करके सभी चुनावी सेवाओं को एक सहज अनुभव में समाहित करता है।

राज्यपालः खंडवा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज खंडवा जिले के बड़ौदा अहीर गांव में जननायक टंट्या भील के स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में

आदिवासी समाज के वीर नायकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने टंट्या भील के वंशजों का सम्मान किया तथा विभिन्न हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र एवं अन्य योजनाओं के तहत लाभ वितरित किए। समाज सेवा और जनकल्याण में योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह और प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी षामिल थे।

वहीं **केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया vkSj मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज आदिवासी नेता तंट्या भील की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जननायक, क्रांतिसूर्य टंट्या मामा ने दमनकारी हुकूमत को सबक सिखाते हुए शोषण, आतंक और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी।**

सिंधिया–अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री  ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने दौरे के दूसरे दिन आज अशोकनगर जिले के ग्राम कचनार में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव 2026 के तहत स्कूली छात्र छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में किया गया।  इस दौरान श्री सिंधिया ने आमजन की समस्याओं के निराकरण को लेकर जनसुनवाई की। श्री सिंधिया ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना और मौके पर ही उनका त्वरित निराकरण किया।

उधर, पन्ना जिले में स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जिले के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

गुना जिले के कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट में बच्चों को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान मेधावी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय कृषि मेला

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाला उन्नत कृषि महोत्सव 2026ः प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण वास्तव में खेती का गेम चेंजर राष्ट्रीय कृषि मेला होगा। यह मेला तीन दिनों में किसानों के जीवन में नई उम्मीद, नई तकनीक और नए बाजार अवसर लेकर आएगा। केंद्रीय मंत्री ने आज रायसेन के दशहरा मैदान से राष्ट्रीय कृषि मेले के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर 11, 12 और 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृषि मेले के बारे में किसानों को जागरूक करेगा।

सरकार–पेट्रोलियम उत्पाद

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदे जा सकता है। मंत्रालय ने  कहा कि पांच किलोग्राम के सिलेंडर खरीदने के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

दैनिक शुल्क छूट

उद्योग जगत ने सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क छूट देने के फैसले का स्वागत किया है। इनवोल्यूशन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के नीति एवं रणनीतिक मामलों के महाप्रबंधक रवि राठौड़ ने संवाददाताओं से  बातचीत में कहा कि कई पेट्रोकेमिकल उत्पाद पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने के इस फैसले से उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित होगी और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कीमतों में वृद्धि को रोका जा सकेगा। श्री राठौड़ ने कहा कि यह निर्णय न केवल उद्योगों के लिए बढ़ती उत्पाद लागत को स्थिर करने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें तत्काल राहत भी प्रदान करेगा।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी आंधी, बारिश

और ओलावृष्टि का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, प्रदेश के मध्य हिस्से से एक टर्फ लाइन गुजर रही है, जबकि दूसरी ऊपरी स्तर पर सक्रिय है। इसके साथ ही पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में दो चक्रवाती सिस्टम भी बने हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले चार दिनों यानी 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी चलने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- देवास, नर्मदापुरम और शाजापुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से कुओं, बावडियों, जलाषयों, तालाबों और नालों की साफ–सफाई कराई जा रही है।
- सागर जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों का निरीक्षण एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा किया गया। जिले में रबी उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल से आरम्भ हो रहा है।
- शिवपुरी जिले में कृषि विभाग द्वारा ई- विकास पोर्टल नियम उल्लंघन पर छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।
- सीहोर जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है।
- आज खंडवा में साहित्यकार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पद्म भूषण से सम्मानित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

--------------------